बरेली, सोमवार
29 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण





रिद्धिमा में नाटक प्रस्तुत करते हुए कलाकार • सौ. आयोजक

# 'द प्रपोजल्स' में दिखा अहंकार रिश्तों की जटिलता और प्रेम

**जासं, बरेली :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम एंटोन चेखव लिखित और जय सिंह निर्देशित नाटक 'द प्रपोजल्स' का मंचन किया गया। अलीगढ़ की रंगसाज आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से प्रस्तुत यह नाटक एंटोन चेखव के दो प्रसिद्ध हास्य नाटकों द प्रपोजल और द बेयर पर आधारित रहा। इसमें मानवीय अहंकार, रिश्तों की जटिलताओं और प्रेम की अप्रत्याशित प्रकृति को हास्य और व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक चेखव की विशिष्ट व्यंग्यात्मक शैली को समकालीन संवेदनाओं के साथ जोड़ते हुए यह प्रश्न उठाता है कि क्या प्रेम और रिश्ते तक से बनते हैं या उन भावनाओं से जो अक्सर सबसे अप्रत्याशित क्षणों में जन्म लेती हैं। हास्य, व्यंग्य, तकरार और मानवीय संवेदनाओं से भरपूर यह नाटक दर्शाता है कि कभी-कभी सबसे गहरे रिश्तों की शुरुआत सबसे तीखे संघर्ष से होती है। मुख्य पात्र माइकल डिसूजा की भूमिका खुद इसके निर्देशक जय सिंह ने निभाई। स्टीफन की भूमिका अनुज श्रीकृष्णा, नताल्या-1 की भूमिका वंदना और नताल्या-2 की भूमिका आरजू सिद्दीकी, केयर टेकर ल्यूका की भूमिका नकुल, फौजी की भूमिका स्मिरनोव ने निभाई। इस दौरान ट्रस्ट संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार आदि रहे।